# तेज आंधी से पेड़ उखड़े, विद्युत पोल, लाईनें टूटीं, बत्ती हुई गुल

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली लू से परेशान मुरैना अंचल को मंगलवार शाम अचानक मौसम बदलने से बड़ी

**हल्की बारिश के दौरान बागचीनी क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि**

राहत मिली। शाम करीब साढ़े पांच बजे तेज धूलभरी आंधी ने शहर और आसपास के क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आसमान पर काले बादल छा गए और हल्की बारिश शुरू हो गई। उधर बागचीनी क्षेत्र में मंगलवार की शाम हल्की बारिश के दौरान मटर के आकार के ओले गिरे, ओलों के गिरने का सिलसिला करीब पांच घंटे तक चला।

आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ की शाखाएं टूटकर सड़कों पर गिर गईं। वहीं विद्युत पोल और तार टूटने से शहर के कई इलाकों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। दिनभर तापमान 43 डिग्री के आसपास रहने से लोग उमस और गर्मी से बेहाल थे, लेकिन बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया।

बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद लिया, जबकि किसानों ने इसे फसलों के लिए लाभकारी बताया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

**जानिए :- आगामी 5 दिनों में कैसा रहेगा अंचल में मौसम**

**13 मई-** तेज धूप, अधिकतम तापमान 41 डिग्री, गर्म हवाएं चलेंगी।
**14 मई-** आंशिक बादल, शाम को तेज हवाओं की संभावना।
**15 मई-** लू का असर, तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है।
**16 मई-** बादलों की आवाजाही और बूंदाबांदी के आसार।
**17 मई-** मौसम में हल्की नरमी, तेज हवा चल सकती है।

# एक भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा : कृषि मंत्री कंषाना




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने मंगलवार को सुमावली विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि विधानसभा का एक भी

**4 .25 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**

गांव विकास की मुख्यधारा से अछूता नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने सड़क, बिजली और पानी को ग्रामीण विकास की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सरकार गांव-गरीब और किसान के हित में लगातार काम कर रही है।

कृषि मंत्री ने ग्राम बरबासिन, जखौना और पलपुरा में करीब सवा चार करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम बरबासिन में 3 करोड़ रुपये की लागत से 2.8 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

इसके साथ ही गांव में सीसी खरंजा निर्माण के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर तीन कुओं के खनन और जर्जर स्कूल भवन के निर्माण का भी आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत जखौना में 64 लाख रुपये की लागत से पांच सीसी खरंजा कार्यों का भूमिपूजन किया गया। वहीं पलपुरा पंचायत में 37.50 लाख रुपये की लागत से पंचायत भवन और 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुरैना के अध्यक्ष मोहर सिंह कंषाना, एसडीएम शुभम शर्मा, जनपद सीईओ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 2 दिन में हो प्रत्येक बच्चे का नामांकन वरना तय होगी जवाबदेही



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 12 मई।** जनपद शिक्षा केंद्र जौरा में मंगलवार का शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बीपीएमयू में बीआरसीसी राजीव सिंह जादौन ने अधिकारियों, जन शिक्षकों और निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि आगामी दो दिवस में छात्र नामांकन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर के निर्देश हैं कि मुरैना जिला शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में शीर्ष स्थान बनाए रखे और कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे।

**जनपद शिक्षा केन्द्र जौरा में समीक्षा बैठक आयोजित**

बैठक में यू-डाइस अंतर्गत कक्षा उन्नति कार्य समय सीमा में पूर्ण करने, 50 दिन से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरण तत्काल बंद करने और सभी स्कूलों में पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जादुई पिटारा योजना के तहत चयनित विद्यालयों में बच्चों को नई शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत अशिक्षित प्रौढ़ों का सर्वे कर उन्हें परीक्षा में शामिल कराने पर भी जोर दिया गया। वहीं जर्जर स्कूल भवनों में बच्चों को नहीं बैठाने और पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण शीघ्र कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक में हरेंद्र तोमर, साकेत जैन, गीता भदौरिया, अशोक त्यागी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई कलेक्टर ने 272 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में 272 आवेदकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में गंभीर समस्या वाले 18 आवेदनों पर कलेक्टर ने टीएल मार्क किया और कहा कि इन आवेदनों पर सुनवाई टीएल बैठक में अधिकारियों से रूबरू की जाएगी।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री जांगिड़ ने राजस्व, भूमि विवाद, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, पेंशन, स्वच्छता, अतिक्रमण, सिंचाई विभाग सहित विभिन्न

**गंभीर समस्याओं से जुड़े 18 प्रकरणों की टीएल बैठक में होगी समीक्षा**

विभागों से संबंधित आवेदनों को सुना। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को जन आकांक्षा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



**चंबल कमिश्नर ने 20 लोगों की समस्याएं सुनी, किया निराकरण**

चंबल भवन में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में चंबल संभाग के आयुक्त सुरेश कुमार ने 20 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरताए संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ सुना। नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएँ एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद, पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरण, साफ-सफाई व्यवस्था, नालियों के अवरुद्ध होने तथा जलभराव जैसी जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएँ शामिल रहीं।

# कोचिंग सेंटर चला रहे शासकीय शिक्षकों पर कार्रवाई हो

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** शहर में सरकारी शिक्षकों द्वारा संचालित कोचिंग सेंटरों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को निजी

**प्राईवेट शिक्षकों ने जनसुनवाई में की शिकायत**

कोचिंग संचालकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकारी शिक्षकों की कोचिंग बंद कराने और कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विभिन्न शासकीय विद्यालयों में पदस्थ सरकारी शिक्षक बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर निजी कोचिंग सेंटर चला रहे हैं और प्रत्येक बैच में 100 से 200 बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। संचालकों का कहना है कि सरकारी शिक्षक प्रायोगिक और प्रोजेक्ट अंकों का दबाव बनाकर बच्चों को अपनी कोचिंग में आने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे निजी कोचिंग संस्थानों पर असर पड़ रहा है। प्राइवेट कोचिंग संचालकों ने यह भी आरोप लगाया कि बच्चों को अनुपस्थित लगाने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाया जाता है। इससे निजी शिक्षकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो शिक्षकों के बीच विवाद और तनाव की स्थिति बन सकती है। निजी संचालकों ने प्रशासन से सरकारी शिक्षकों द्वारा संचालित कोचिंग सेंटरों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।




# साहब सीवर लाईन ठीक करा दो, बदले में चॉकलेट ले लो

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंचें एक मासूम को देखकर वहां

**गंदगी से परेशान 9 साल के मासूम की जनसुनवाई में गुहार**

मौजूद लोगों के साथ शिकायतें सुन रहे अधिकारी अचरज में पड़ गए। दरअसल सीवर की समस्या से परेशान 9 साल का एक मासूम बच्चा अपनी शिकायत लेकर पहुंचा था, यही नहीं शिकायत का समाधान कराने के लिए मासूम अधिकारियों को देने अपने साथ 4 चॉकलेट भी लाया था।



मुरैना शहर के संजय कॉलोनी में पंडित की चक्की के पीछे रहने वाला कक्षा-6 का छात्र मानवेन्द्र सिंह पुत्र योगेश कुमार ने मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन दिया। जिसमें बताया है कि सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण कॉलोनी में सीवर लाईन जगह-जगह पर ब्लॉक हो गई है। जिसकी वजह से सड़कों पर गंदगी फैल रही है। इस कारण इन रास्तों से होकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं को गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध से रहवासी परेशान है, तो वहीं लगातार गंदगी बनी रहने से वहां संक्रामक बीमारियों के पनपने का खतरा भी बना हुआ है। आवेदन में मासूम मानवेन्द्र ने लिखा है कि साहब आप हमारी समस्या का समाधान करा दो, इसके लिए मैं आपको 5 रूपये कीमत वाली 4 चॉकलेट दे रहा हूं। मासूम की गुहार पर अधिकारियों ने समस्या का अतिशीघ्र समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है।

# बामसौली में हिंसक जानवर के हमले में 3 बकरियों की मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/रामपुरकलां, 12 मई।** ग्राम पंचायत बामसोली के मजरा कोलू डांढ़ा में किसी हिंसक जानवर के हमले की आशंका से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। शनिवार रात पशुपालक नेकराम जाटव की 2 एवं हरिओम जाटव की एक बकरी मृत अवस्था में मिलीं। जिसके बाद से ही पूरे गांव में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास किसी हिंसक जानवर की हलचल देखी गई थी, लेकिन अंधेरा होने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि वह तेंदुआ था या लकड़बग्घा। घटना के बाद लोगों ने बच्चों और मवेशियों को घरों में सुरक्षित रखना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में लगातार गश्त कराने और हिंसक जानवर की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की सूचना रामपुर थाना और पशु चिकित्सालय को भी दी गई है। पशु चिकित्सक का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हमला किस जानवर ने किया है।

# बाजारों में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, खुली दिखने लगी सड़कें

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** शहर के प्रमुख बाजारों की तंग और अतिक्रमण से घिरी सड़कों को मुक्त कराने के लिए मंगलवार को जिला प्रशासन

**सराफा बाजार से स्टेशन रोड, सदर बाजार में कार्रवाई**

ने अभियान चलाया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर नगर निगम, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने



शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचकर सड़क और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर अफरा-तफरी का माहौल भी देखने को मिला।

प्रशासन की टीम ने सराफा, बाजार, स्टेशन रोड, सदर बाजार और लोहिया बाजार में सड़क किनारे रखे सामान, अवैध कब्जे और बाधा बन रहे ढांचों को हटाया। लंबे समय से जाम और अव्यवस्था से परेशान लोगों ने कार्रवाई के बाद राहत महसूस की। अधिकारियों का कहना है कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी, नायब तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार सहित नगर निगम, राजस्व और पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा। कुछ अतिक्रमणकारियों से मौके पर जुर्माना भी वसूला गया।

**रुई की मंडी में विस्थापित होंगे सदर बाजार के हाथठेले :** अभियान के दौरान हाथ ठेला संचालकों को रुई मंडी में व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने के लिए समझाइश दी गई। प्रशासन द्वारा उनके लिए वैकल्पिक स्थान चिन्हित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## एक नजर में



**बलवीर सिंह बने अहीर यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष**

**मुरैना।** अखिल भारतवर्षीय अहीर यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. स्वर्णकुमार घोष एवं राष्ट्रीय महासचिव आनंद प्रकाश यादव की अनुशंसा पर बलवीर सिंह यादव को महासभा का मप्र अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमृतलाल यादव दुल्हैनी ने दी। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बलवीर सिंह यादव को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। बधाई देने वालों में अमृतलाल यादव, प्रहलाद सिंह यादव, कोकसिंह यादव, सुग्रीव यादव, भारत सिंह यादव, योगेश यादव, सोनाराम यादव, विकास यादव, कल्याण सिंह यादव, रामलखन, रामजीलाल सरपंच, हेमसिंह सरपंच, प्रताप सरपंच, राजवीर यादव, राजगुरु यादव, दिलीप सिंह यादव, मोहर सिंह यादव एडवोकेट, नवाब सिंह एडवोकेट, पंचम यादव आदि शामिल है।

# भगवान परशुराम के जयकारों से गूंजा जौरा, निकला चल समारोह

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 12 मई।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर जौरा नगर में मंगलवार को भव्य चल समारोह निकाला गया। शाम 5 बजे जनपद पंचायत के सामने स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सनाढ्य ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचा। पूरे मार्ग में भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

चल समारोह में आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव, ब्रह्माजी, राधा-कृष्ण, सीताराम और भगवान परशुराम की जीवंत झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। आगरा से आए कलाकारों ने झांकियों को विशेष रूप दिया। जड़ेरूआ सरकार हरीदास महाराज संतजनों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। चल समारोह एमएस रोड, इस्लामपुरा रोड, सब्जी मंडी, कोली पाड़ा, चंद्रशेखर आजाद रोड, नया बाजार, तहसील चौराहा, सदर बाजार और हनुमान चौराहा होते हुए पचबीघा पहुंचा। जगह-जगह समाजसेवियों और सर्व समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत-सत्कार किया। ब्राह्मण समाज के जगदीश शुक्ला, ललित पाराशर, सहित सैकड़ों समाजबंधु शामिल हुए। विधायक पंकज उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने चल समारोह का स्वागत किया।



# महुआ-देवगढ़ में कार्रवाई, रेत परिवहन के रास्तों पर खोदे गड्ढे

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 मई।** चंबल नदी से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने महुआ और देवगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवाकर

**चंबल से रेत के उत्खनन परिवहन पर शिकंजा**

रास्ते बंद कर दिए। पुलिस की कार्रवाई से रेत माफिआओं में हड़कंप मच गया।

पुलिस टीम ने 11 और 12 मई को योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाते हुए उन मार्गों की पहचान की, जिनका उपयोग अवैध रेत परिवहन में किया जा रहा था।



इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर गड्ढे खुदवाकर रास्तों को अवरुद्ध कर दिया गया। कार्रवाई में देवगढ़ थाना प्रभारी जयपाल सिंह गुर्जर, महुआ थाना प्रभारी धर्मेंद्र गौर, वन विभाग के डिप्टी रेंजर कृष्णा तोमर सहित पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही।


कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना
क्रमांक-1475...मुरैना
दिनांक-12/05/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. ईडब्ल्यूएस-24 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री हनुमान सिंह आमेरा पुत्र स्व. श्री जुगलकिशोर सिंह को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा श्रीमती केतकीबाई पत्नी स्व. श्री विशनस्वरूप को उक्त भवन का विक्रय कर दिया गया। इनके द्वारा मंडल में नामांतरण नहीं कराया है एवं श्रीमती केतकीबाई की मृत्यु दिनांक-23.11.2025 को हो गई एवं इनके पति विशनस्वरूप की भी मृत्यु दिनांक 07.08.1982 को हो चुकी है। तत्पश्चात उक्त भवन को स्व. श्रीमती केतकीबाई के वारिसान पुत्र/पुत्रियों श्रीमती अनीता गर्ग पत्नी पवन कुमार गर्ग, सुश्री प्रीति बंसल पुत्री स्व. श्री विशनस्वरूप बंसल, श्रीमती नीलम अग्रवाल पत्नी श्री मुकेश अग्रवाल, श्री दीपक बंसल पुत्र स्व. श्री विशनस्वरूप बंसल एवं श्रीमती रेखा अग्रवाल पत्नी श्री आशीष अग्रवाल द्वारा मंडल में नामांतरण नहीं कराते हुए दिनांक-06.03.2026 को उक्त भवन को श्रीमती मुकेश शर्मा पुत्र श्री रामजीलाल को विक्रय कर दिया गया है। श्री मुकेश शर्मा द्वारा उक्त भवन अपने नाम नामांतरण/हस्तांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**